# जे.डी.ए. की साख पर दाग लगा रहे ठेकेदार, इंजीनियर्स मौन!

## सूत्रों की मानें तो जयपुर कलेक्ट्रेट परिसर में रिनावेशन के घटिया कार्य पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने जे.डी.ए. द्वारा कराया जा रहा काम रूकवाया, थर्ड पार्टी जांच भी बैठायी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य करके जे.डी.ए. की साख पर दाग लगा रहे है, लेकिन इंजीनियर्स इन पर कार्रवाई के बजाय लगातार मेहरबानी दिखाने में जुटे हैं।

सूत्रों की मानें तो जयपुर कलेक्ट्रेट परिसर में रिनोवेशन के काम की जिम्मेदारी जे.डी.ए. को दी गई थी, लेकिन यहां कराए गए कार्यों की गुणवत्ता पर खुद जिला कलक्टर ने कई सवाल खड़े कर दिए। कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित घटिया कार्य पर इस कदर हुए नाराज कि उन्होंने इन कार्यों को बीच में ही रोकने की जेडीए को हिदायत दी। सूत्रों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला प्रशासन ने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को पत्र लिखा है।

- **सूत्रों की मानें तो जयपुर कलेक्ट्रेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मीटिंग हॉल, एकल खिड़की और स्वागत कक्ष निर्माण तथा अधिकारियों के कक्ष व पार्किंग स्टैंड का रिनोवेशन कराया जाना था। इस कार्य की जिम्मेदारी कलेक्ट्रेट ने जयपुर विकास प्राधिकरण को सौंपी और 2.74 करोड़ रुपए दिए।**
- **बताया जा रहा है कि जे.डी.ए. ने यह काम मैसर्स गोयल सावित्री इण्डस्ट्रीज को सौंपा, लेकिन फर्म द्वारा कार्य गुणवत्तापूर्ण और अपेक्षित गति से नहीं होने के कारण कलेक्टर ने इसे बीच में ही रूकवा दिया**
- **हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, पिछले दिनों जे.डी.ए. की ठेकेदार फर्म कृतिका एसोसिएट के प्रतिनिधि ने भी विद्याधर नगर में सीमेंट सड़क बनाने के दौरान लोगों के सीवरेज व पेयजल कनेक्शन तोड़े, विरोध करने पर जनता को धमकाया था**

सूत्रों की मानें तो जयपुर कलेक्ट्रेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मीटिंग हॉल, एकल खिड़की और स्वागत कक्ष बनाया जाना है। इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों के कक्ष व पार्किंग स्टैंड का रिनोवेशन कराया जाना था। इस कार्य की जिम्मेदारी कलेक्ट्रेट ने जयपुर विकास प्राधिकरण को सौंपी। इसके लिए कलेक्ट्रेट की ओर से करीब 2.74 करोड़ रुपए जेडीए को हस्तांतरित की गई। जेडीए ने 20 फरवरी 2023 को पार्किंग स्टैण्ड के रिनोवेशन वर्क का वर्क ऑर्डर जारी किया इसके बाद 4 अप्रेल 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मीटिंग हॉल, एकल खिड़की, स्वागत कक्ष, अधिकारी व कर्मचारियों के कक्षों के रिनोवेशन वर्क का वर्क ऑर्डर जारी किया। ये वर्क ऑर्डर फर्म गोयल सावित्री इण्डस्ट्रीज को जारी किए गए। इस अनुबंधित फर्म की ओर से मौके पर काम भी शुरू कर दिए गए लेकिन फर्म की ओर से कराए जा रहे कार्य गुणवत्तापूर्ण और अपेक्षित गति के अनुरूप व संतोषप्रद नहीं रहे। इसके चलते काम को बीच में रोकने के लिए कलक्टर की ओर से जेडीए को पत्र लिखा गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा करवाए गए कामों की थर्ड पार्टी जांच एम.एन.आई.टी. से करवायी जायेगी।

बताया जा रहा है कि इस पत्र पर जेडीए ने काम रोकते हुए शेष राशि कलेक्ट्रेट को वापस लौटे दिए। फर्म की ओर से कलेक्ट्रेट में करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए के काम किए गए। कार्य की घटिया गुणवत्ता के चलते कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जेडीए व एमएनआईटी को पत्र लिखा। इसके बाद जेडीए ने इन कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी को सौंपी है।

हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, पिछले दिनों जे.डी.ए. की एक अन्य ठेकेदार फर्म कृतिका एसोसिएट के प्रतिनिधि ने भी घटिया काम कर जनता को धमकाया था, लेकिन उस पर भी जेडीए के इंजीनियर्स ने कोई कार्रवाई नहीं की। फर्म कृतिका एसोसिएट्स ने विद्याधर नगर में सीमेंट सड़क बनाने के दौरान कई मकानों की सीवरेज और पानी की लाइन के कनेक्शन तोड़ दिए थे। करीब 1200 मकानों में लोगों को खुद अपने खर्चे पर कनेक्शन दुबारा कराने पड़े। इस बीच स्थानीय पार्षद को लेकर ठेकेदार कृतिका एसोसिएट का प्रतिनिधि जनता को धमकाने पहुंच गया था। साथ ही जो कनेक्शन लोगों ने खुद कराए थे, उसका भी भुगतान नहीं किया था। इस पर जेडीए के एक्सईएन दीपक अग्रवाल ने ठेकेदार फर्म पर कार्रवाई करने उसे ब्लैक लिस्ट करने को कहा था, बाद में वे भी ठेकेदार को बचाने में लग गए और कोई कार्रवाई नहीं की।

# तीन युवकों का अपहरण कर 5-5 लाख रु. मांगे, दो आरोपी गिरफ्तार



रामनगरिया पुलिस ने फिरौती के लिए 3 युवकों का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** । रामनगरिया थाना पुलिस ने फिरौती के लिए तीन युवकों का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर तीनों अपहृत युवकों को छुड़वा लिया। आरोपियों ने फिरौती के लिए अपहरण किया था और उनके दोस्त से 5-5 लाख रुपयों की मांग की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्तौल बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार रात ग्यारह बजे कार सवार हथियारबंद बदमाशों ने लोटस विला के मेन गेट के पास से तीन कॉलेज स्टूडेंट तरुण, हर्ष, हिमांशु का अपहरण किया और उनके साथ जमकर मारपीट भी की। इसके बाद पांच-पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शहर में नाकाबंदी करवाई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रात करीब 10.45 बजे अर्टिगा कार में बैठकर तरुण, हर्ष, हिमांशु और यश जगतपुरा की ओर जा रहे थे। करीब 15 मिनट बाद बदमाशों ने उन्हें रोका था। दो कारों में आए 7-8 बदमाश लाठी-डंडों से लैस थे। स्विफ्ट और अमेज कार में आए बदमाशों के नीचे उतरते ही यश गाड़ी छोड़कर भाग निकला। बदमाशों ने बाकी तीनों को अपहरण कर लिया। तीनों युवक प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट हैं। बदमाश युवकों की कार को साथ ले गए, लेकिन वे कार को मालवीय नगर के डी-मार्ट के पास छोड़ गए। बदमाश तीनों युवकों को अपहरण कर जयपुर से सत्तर किलोमीटर दूर चाकसू के नैनवा गांव में ले गए। यहां तीनों को अपने-अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को कॉल कर पांच-पांच लाख रुपए की फिरौती मंगवाने के लिए कहा। इस दौरान पुलिस टीम ने तीनों युवकों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन के आधार पर पुलिस करीब 70 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा करते हुए नैनवा पहुंच गई। पुलिस को देखकर अपहरणकर्ता भाग निकले, पुलिस ने पीछा कर ऋषभ चौधरी निवासी चाकसू और विक्रम सिंह निवासी केकडी को पकड़ लिया। पुलिस ने अपहृत तीनों युवकों को भी सकुशल छुड़वाया।

## राज्य कर्मचारी संघ में सचिव सहित कई पदों की घोषणा

**जयपुर**। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सिविल लाइन स्थित जल भवन कार्यालय में संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई।

संघ सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि संघ के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से जिला स्तरीय कार्यकारिणी के विस्तार की कडी में जिला कोटपूतली बहरोड़ के बाद जिला दूदू के क्षेत्रीय सचिव पद पर कपिल कुमावत, क्षेत्रीय जन संपर्क सचिव पद पर ओम प्रकाश सैनी एंव विभाग के विजय कुमार लखेरा, तरुण यादव, प्रेम सिंह, लोकेश शर्मा, सौरभ पाण्डेय, राजेंद्र सिंह, राजेश भार्गव को सर्वसम्मति से कार्यालय सचिव पद पर मनोनीत किया गया। तत्पश्चात विभाग के सहायक अभियंता हंसराज चौधरी ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर शुभकामनाएँ दी। बैठक में उपस्थित सभी अधिकरियों कर्मचारियों ने उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर संघ के सचिव चटर्जी ने कहा कि संघ विभाग के सभी संवर्गों के मध्य आपसी सामंजस्य बनाकर विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करवाए जाने हेतु निरंतर प्रयासरत है जिसमें कुछ हद तक सफलता भी मिली है। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी, संघ के सुशील कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस एवं मोहित बोहरा के अलावा कर्मचारी नेता कपिल कुमावत, तरुण यादव, मनोज कुमावत, ओम प्रकाश सैनी, राजेंद्र सिंह, मुकेश खींची, प्रेम सिंह, लोकेश कुमार शर्मा, सौरभ पाण्डेय, विजय कुमार लखेरा, सहित संघ के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# डिग्री पाकर खिले युवा चेहरे, चार गोल्ड मेडलिस्ट समेत 945 को मिली उपाधियां

## एस.के.आई.टी. कॉलेज में बीटेक, एमटेक और एमबीए के बैच 2022 व 2023 पासआउट स्टूडेंट्स के लिए आयोजित हुआ भव्य डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन समारोह





**जयपुर** । स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) के बैच 2022 एवम 2023 बैच के बीटेक, एमटेक और एमबीए के 945 स्टूडेंट्स का भव्य डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन समारोह रविवार को कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर इन बैच में अपने इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहने वाले गोल्ड मेडलिस्ट कॉलेज के स्टूडेंट्स विनय व्यास, राशि किनरा, अवेधश चेष्टा और हर्षिता शर्मा ने डिग्री प्राप्त की। इससे पूर्व सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कॉलेज के चीफ पैट्रन राजाराम मील, चेयरमेन सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, प्रिंसीपल प्रो. रमेश कुमार पचार, डीन डॉ. आर के जैन, फैकल्टी अफेयर्स हेड मुकेश अरोडा, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर नवल किशोर जांगिड़ समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे एवं स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक जयपाल मील ने विद्यार्थियों को उनके आगामी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। उन्होंने बताया कि अब कॉलेज ऑटोनोमस हो गया है एवं आने वाले समय में कॉलेज से निकलने वाली प्रतिभाएं पूरी दुनिया में अपनी छाप छोडेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख ब्रांचेज में प्रदेशभर में एसकेआईटी के स्टूडेंट्स ने परचम लहराया है, जो कि कॉलेज की श्रेष्ठता को प्रमाणित करता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. नेहा पुरोहित के साथ डॉ. ऋषि व्यास ने किया।

समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट के साथ ही इन बैच में प्रदेशभर में सेकंड टॉपर रहे नेहा कुमावत, कीर्ति कोठारी और काव्या कुलश्रेष्ठ के साथ अन्य स्टूडेंट्स ने डिग्री प्राप्त की। सभी स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता में कॉलेज के योगदान एवं फैकल्टी के समर्पण को दिया। सभी ने एकसुर में कॉलेज के माहौल को प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

डिग्री प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स में 2022 बैच के आईटी ब्रांच टॉपर विनय व्यास, दूसरे स्थान पर रहने वाले सिविल ब्रांच से नेहा कुमावत, सीएस ब्रांच से कीर्ति कोठारी ने डिग्री प्राप्त की। वहीं 2023 बैच के गोल्ड मेडलिस्ट ईसी ब्रांच के राशि किनरा, अवेधश चेष्टा और इलेक्ट्रोनिक ब्रांच के हर्षिता शर्मा ने डिग्री प्राप्त की। इनके साथ ही 23 बैच में सिविल ब्रांच से दूसरे स्थान पर रही काव्या कुलश्रेष्ठ ने भी डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर 22 बैच के एमटेक स्टूडेंट्स में सीएस और ईसी ब्रांच में गोल्ड मेडलिस्ट रहे तपेश कुमार एवं नूरजबीन के साथ दूसरे स्थान पर सीएस ब्रांच की अंजलि सिंह एवं ईसी ब्रांच की दिव्या भारद्वाज के साथ ही अन्य स्टूडेंट्स ने डिग्री प्राप्त की। वहीं 23 बैच में एमटेक वीएलएसआई डिजायन में गोल्ड मेडलिस्ट रहे स्टूडेंट किशन कुमार ने डिग्री प्राप्त की।

समारोह में प्रदेशभर से अल सुबह ही सैकडो की संख्या में स्टूडेंट्स एकत्रित होना शुरू हो चुके थे। आयोजन से पूर्व कॉलेज परिसर में स्टूडेंट्स अपनी पुरानी यादों को ताजा करते नजर आए एवं पुराने दोस्तो से गर्मजोशी से मिलते दिखे। उन्होंने कैम्पस में बिताई अपनी पुरानी खट्टी-मीठी यादे भी ताजा की तो वहीं फैकल्टी मेम्बर्स से भी उत्साह से मिलते दिखे। इस दौरान स्टूडेंट्स अपने प्लेसमेंट को लेकर भी खासे खुश नजर आए।

डिग्री प्राप्त करने के बाद स्टूडेंट्स ने अपने अनुभव भी सांझा किए एवं वर्तमान में वे कहां जॉब कर रहे हैं, उसके बारे में बताया। गोल्ड मेडलिस्ट रहे स्टूडेंट्स ने सफलता केएस श्रेय कॉलेज के पॉजिटिव एनवायरमेंट को दिया। फैकल्टी मेम्बर्स के साथ बिताए समय एवं उनके द्वारा मिले टिप्स को उन्होंने जीवन में प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज के शिक्षण माहौल, इन्फ्रा और फैकल्टी मेम्बर्स की भी तारीफ की।

## जस-2024 में पिछले साल की तुलना में दुगना हुआ व्यापार

**जयपुर** । सीतापुरा के जेईसीसी में ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से आयोजित "जस- 2024" द प्रीमियम बी टू बी शो रंग-बिरंगे रत्नों और नायाब गहनों के बीच यादगार पलों को संजोकर शानदार तरीके से संपन्न हुआ। तीसरे और अंतिम दिन यहां जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और रीको एमडी शिव प्रकाश नकाते ने विजिट किया। महापौर सौम्या गुर्जर बूथ पर सजे हुए बेशकीमती गहनों के एक से बढ़कर एक शानदार डिजाइन देखकर अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि जयपुर की विश्व भर में जितनी पहचान यहां की ऐतिहासिक इमारतों से है, उतनी ही यहां के जवाहरात और रत्नाभूषणों से भी है। रीको एमडी शिवप्रसाद नकाते सपत्नीक ज्वैलरी शो का का विजिट करने आए। उनका स्वागत एनजीजेईपीसी चेयरमैन प्रमोद डेरेवालाने किया। नकाते ने कहा कि जयपुर में ज्वैलरी ट्रेड को बढ़ाने के लिए रीको की ओर से भी पूरे प्रयास किए जाएंगे। जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला का कहना है कि जस- 2024 रंगीन रत्न और गहनों के ट्रेड बायर और जयपुर के रत्न व्यवसायियों और ज्वैलर्स के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म तो साबित हुआ है , लेकिन इस बार यहां जिस तरह से इंटरनेशनल शो के लाजवाब इंतजाम हुए उन्हें देखकर देश-विदेश के बायर और एग्जीबिटर्स सभी मंत्रमुग्ध नजर आए। शो कन्वीनर अशोक माहेश्वरी का कहना है कि जस- 2024 पिछले शो से 40 प्रतिशत विस्तृत था, लेकिन बिजनेस यहां पिछले साल से दुगना हुआ है। अगले साल 4 से 6 जुलाई तक जस- 2025 होगा।

## सार-समाचार

### 'सुरंगों सावण' कार्यक्रम का पोस्टर जारी




**जयपुर** । गणगौर महिला ग्रुप द्वारा 27 जुलाई को आयोजित किए जाने वाले सुरंगों सावण कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन यहाँ मानसरोवर स्थित लैंडस्केप पार्क में किया गया। गणगौर महिला ग्रुप की संस्थापक सुशीला भारती ने ग्रुप की अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पोस्टर का विमोचन किया। सुशीला भारती ने बताया कि 27 जुलाई को सुरंगों सावण नाम से होने वाले महोत्सव में क़रीब 40 महिलायें राजस्थानी लोक नृत्य और गीत प्रस्तुत करेंगी। सभी महिलाएँ राजस्थानी पारंपरिक पोशाक लहरिया और आभूषण से सजी-धजी होंगी। कार्यक्रम में कई मनोरंजक गतिविधियाँ होंगी।

### सीनियर सिटीजन क्लब का शुभारंभ



**जयपुर,** (का.सं.)। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक और देश के जाने माने आध्यात्मिक संत आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा है कि जीवन में आनंद और शांति के लिए हमें धर्म, संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं से जुड़े रहना जरूरी है। घर-परिवार में माता-पिता और बुजुर्गों के आदर और समाज में वरिष्ठजनों के सम्मान की परम्परा से ही हम अपने मूल स्त्रोत से जुड़े रहकर परमात्मा से जुड़े रह सकते है। इसी उद्देश्य से विश्व जागृति मिशन के तहत परिवार जोड़ो प्रकल्प चलाया जा रहा है। विजामि प्रमुख आचार्य सुधांशु महाराज ने यह बात रविवार को जयपुर मंडल के तहत परिवार जोड़ो अभियान के तहत आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब के शुभारम्भ के अवसर पर प्रसारित विशेष वीडियो संदेश में कही। उन्होंने कहा कि आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब बुजुर्गों की मानसिक समस्याओं के निराकरण और उनके एकाकीपन को दूर करने के साथ ही उनको हर दिन चुस्त-दुरूस्त रखते हुए परिवार में आनंद के साथ बेहतर जीवन जीने का माहौल देने का प्लेटफार्म है। गुलाबी नगरी में रविार को आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमश्वर महादेव मंदिर परिसर में नई दिल्ली में विश्व जागृति मिशन के आनंदधाम आश्रम से परिवार जोड़ो अभियान की केन्द्रीय टीम के सदस्यों राजेश गम्भीर, जेएल रस्तोगी और आनंद मित्तल की उपस्थिति में आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद गुप्ता, हेम कुमार भार्गव, आशीष माथुर, दिलीप हिरारमानी और गोपाल बजाज, कांता भल्ला एवं संतोष सिहाग सहित जयपुर मंडल से जुड़े श्रद्धालु, वरिष्ठ नागरिकगण, बच्चे और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### एयरपोर्ट पर 462 ग्राम सोना पकड़ा

**जयपुर** । जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने कार्रवाई करते हुए विमान यात्री के पास से 462 ग्राम विदेशी सोना पकड़ा है। विमान यात्री अंडरगारमेंट में पेस्ट फॉर्म में सोना छिपाकर लाया था। आरोपी ने दो पैकेट में विदेशी सोना रखा था। पकड़े गए सोने का बाजार मूल्य करीब 34.44 लाख रुपए है। शारजाह से जयपुर पहुंची एयर अरेबिया की फ्लाइट में विमान यात्री सवार था। बरामद सोने को कस्टम्स अधिकारियों ने जब्त किया है। कस्टम्स विभाग के अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। कस्टम्स आयुक्त सुग्रीव मीना ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है।

### दामाद ने ससुराल में की चोरी

**जयपुर** । गलता गेट थाना इलाके में ऑनलाइन गेमिंग के शौक में नुकसान लगने पर एक युवक ने अपने ससुराल में ही चोरी की वारदात कर डाली। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार चोरी के मामले में आरोपी आशीष माथुर (31) निवासी श्रीशिव नगर जयसिंहपुरा खोर हाल गोविन्द नगर पूर्व ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में बास-बदनपुरा गलतागेट निवासी रुकमणी देवी ने 2 जुलाई को गलातगेट थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी बड़ी बेटी रितु का पति आशीष पिछले 4-5 दिनों से ससुराल में आकर रुका हुआ था। दामाद आशीष घर की अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और 11 हजार रुपए चोरी कर ले गए। ससुराल से भागे दामाद आशीष ने अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिया है।

# घरेलू पानी से गाड़ी धोने पर 1000 रुपए जुर्माना लगेगा

## अगर किसी घर में लीकेज मिला तो मकान मालिक से पेनल्टी वसूली जाएगी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में पीने के पानी का इस्तेमाल अब घरेलू के अलावा अन्य किसी काम के लिए नहीं किया जा सकेगा। घरों में सप्लाई होने वाले पानी से लोग न गाड़ी धो सकेंगे और न ही किसी निर्माण में इस्तेमाल कर सकेंगे। रेस्टोरेंट्स में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। अगर कोई भी पानी की बर्बादी करता है, घर में लीकेज मिलता है तो ऐसी स्थिति में एक हजार रुपए का जुर्माना लगेगा।

- **जलदाय विभाग ने प्रदेशभर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए सर्कुलर जारी किया**
- **दरअसल, जलदाय विभाग को शिकायतें मिल रही हैं कि घरेलू जल का इस्तेमाल लोग मैरिज गार्डन, कंपनियों और व्यावसायिक उद्देश्य में कर रहे थे। इस सर्कुलर के बाद अब विभाग छापे मारेगा और पेनल्टियां वसूल करेगा**

इसे लेकर जनस्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग ने 5 जुलाई को सर्कुलर जारी किया है। इसके तहत पानी के गैर घरेलू उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब प्रदेश में पानी की बर्बादी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। जुर्माना वसूलने के साथ ही पानी का कनेक्शन भी काटा जा सकता है। सर्कुलर के मुताबिक, अगर घर में कहीं पानी का लीकेज है तो मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके तहत 1 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी पानी की बर्बादी नहीं रुकी तो हर दिन 50 रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। फिर भी सुधार नहीं होने पर कनेक्शन काटने और सजा का प्रावधान भी है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से जलदाय विभाग के अधिकारियों को घरेलू जल के व्यावसायिक इस्तेमाल की जानकारी मिली थी। इसमें बड़ी संख्या में लोग घरेलू जल का इस्तेमाल मैरिज गार्डन, कंपनियों और व्यावसायिक उद्देश्य में कर रहे थे। इस सर्कुलर के बाद अब विभाग छापे मारेगा। घरेलू जल के व्यावसायिक इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

जलदाय विभाग के शासन सचिव समित शर्मा का कहना है कि, पानी की बर्बादी को रोकने के लिए हमने अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके तहत प्रदेशभर में जो भी लोग घरेलू जल का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में कर रहे हैं, उनके खिलाफ राजस्थान वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन एक्ट 1979 के तहत उन्हें नोटिस देकर जुर्माना भी वसूला जाएगा। अगर इसके बाद भी वह अपने व्यवहार में सुधार नहीं करते हैं तो उनके पानी के कनेक्शन को काट दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि पानी के कनेक्शन डोमेस्टिक (घरेलू) और कॉमर्शियल (व्यावसायिक) दो श्रेणियों के होते हैं। कॉमर्शियल कनेक्शन की रेट घरेलू कनेक्शन से चार गुना अधिक होती है। ऐसे में लोग घरेलू पेयजल का उपयोग ही व्यावसायिक कामों में कर रहे हैं।

# करतारपुरा नाले पर रैलिंग और चेतावनी बोर्ड लगाया



**जयपुर**। तेज बारिश में राजधानी जयपुर के सहकार मार्ग पर बने करतारपुरा नाले के बहाव क्षेत्र में कोई जनहानि नहीं हो, इसलिए ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने यहां टूटी हुई रैलिंग और लोहे के जाल को पुनः लगवाया है। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने इस संबंध में तत्काल काम करने के निर्देश दिए थे। निगम अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में यहां अस्थाई बैरिकेडिंग थी, अब लोहे का जाल व रैलिंग लगने से दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। नाले पर चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया कि बारिश के पानी के तेज बहाव में लोग इस पुल को पार करने का जोखिम नहीं उठाएं।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि जयपुर शहर में बारिश के दौरान लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए मानसरोवर, विश्वकर्मा, मालवीय नगर बाढ़ नियत्रंण कक्ष पर सहायक और कनिष्ठ अभियन्ताओं की ड्यूटी लगा दी गई है और उन्हें अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये। बाढ़ नियत्रंण कक्ष के लिये हैल्पलाइन नंबर जारी किये गये है जिसके अन्तर्गत मानसरोवर फायर स्टेशन- 0141-2395566, 8764880060 तथा मालवीय नगर फायर स्टेशन के लिये 0141-2755930, 8764880030, विश्वकर्मा फायर स्टेशन में 0141-2330080, 8764880070 जिसके तहत आपात समय में सम्पर्क कर सकते है।